# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।

**पत्रांक– 977 /ओबरा/15 भू0ह0 दिनांक– 28-9-2018.**

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत प्रेषण खण्ड–द्वितीय
एस–14/74ए–2 अन्धरा पुल,
वाराणसी।

विषय :– 400 के0वी0 अनपरा–वाराणसी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाईन के निर्माण में विभिन्न वन प्रभागों में प्रभावित कुल 319.28हे0 वन भूमि का पुनः लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्ताव आन लाईन डाटा इन्ट्री (प्रस्ताव संख्या–FP/UP/TRANS/32650/2018) के उपरान्त ओबरा वन प्रभाग के अन्तर्गत 113.048हे0 वन भूमि के प्रस्ताव जमा करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– आपके कार्यालय के पत्र संख्या 3310/वि0प्रे0ख0–द्वितीय(वा)/वन विभाग दिनांक–27.08.2018.

**महोदय,**

अवगत कराना है कि आपके उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा 400 के0वी0 अनपरा–वाराणसी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाईन के निर्माण में ओबरा वन प्रभाग में प्रभावित कुल 113.048हे0 के लीज नवीनीकरण का प्रस्ताव आन लाईन आवेदन करते हुए प्रस्ताव की पांच प्रति हार्ड कापी में इस कार्यालय में प्राप्त कराया गया है। जिसके कम में इस कार्यालय के पत्रांक–667/ओबरा/15 भू0ह0 दिनांक–31.08.2018 द्वारा आपसे अनुरोध किया गया था कि आप क्षेत्रीय वन अधिकारी, ओबरा मो0नं0 (7007576149) व क्षेत्रीय वन अधिकारी, डाला मों0नं0 (9415082240) से सम्पर्क स्थापित कर प्रस्ताव में संलग्न अभिलेखों के सम्बन्ध में अभिलेखीय एवं मौके की संयुक्त जांच करने का कष्ट करें। परन्तु आज तक संयुक्त निरीक्षण की कार्यवाही आज तक पूर्ण कर रिपोर्ट इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराया गया। उक्त के अतिरिक्त प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न नहीं है।

1. प्रस्तावित वन भूमि हस्तान्तरण से सम्बन्धित लैण्ड शैड्यूल संलग्न नहीं है।
2. भारत सरकार के पत्र संख्या 11–9/1998–एफसी(पीटी) दिनांक–03.08.2009 संशोधित पत्र संख्या 11–09/9बी–एफ0सी0 दिनांक–28.10.2014 के कम में वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी सोनभद्र का प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।

उक्त के कम में आपसे अनुरोध है कि आप क्षेत्रीय वन अधिकारी, ओबरा मो0नं0 (7007576149) व क्षेत्रीय वन अधिकारी, डाला मों0नं0 (9415082240) से सम्पर्क स्थापित कर प्रस्ताव में संलग्न अभिलेखों के सम्बन्ध में अभिलेखीय एवं मौके की संयुक्त जांच करते हुए, प्रस्ताव के साथ संयुक्त जांच रिपोर्ट, लैण्ड शैड्यूल तथा वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी सोनभद्र का प्रमाण पत्र संलग्न करने का कष्ट करें, जिससे कि प्रस्ताव उच्च स्तर पर प्रेषित किया जा सके।

(मूल चन्द्र)
प्रभागीय वनाधिकारी,
ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।

**संख्या 977 अ/समदिनांकित।**

**प्रतिलिपि**–क्षेत्रीय वन अधिकारी, डाला एवं कोन को सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आप श्री आतीश कुमार सहायक अभियन्ता (मो0नं0 9648276938) से सम्पर्क स्थापित कर प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में अभिलेखीय एवं मौके की संयुक्त जांच करना सुनिश्चित करें।

**प्रतिलिपि**–उप प्रभागीय वनाधिकारी, चोपन एवं ओबरा को सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आप लोग भी प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में अपने स्तर से अपेक्षित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(मूल चन्द्र)
प्रभागीय वनाधिकारी,
ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।

O/c



Scanned by CamScanner